एक नजर में

## तीन दिवसीय सार्थक ओलंपिक का समापन

**उज्जैन।** सामाजिक एकता, पारिवारिक सौहार्द एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय सार्थक ओलंपिक 2026 का उत्साहपूर्ण समापन हो गया है। तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। ओलंपिक के दौरान कबड्डी, क्रिकेट, वॉटर वॉलीबॉल, स्लो साइकिल रेस, 50 व 100 मीटर दौड़, रिले रेस, गोला फेंक तथा शूटिंग सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन स्पर्धाओं में अलग-अलग टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीमों में टीम इटली ने कप्तान केतुल शाह के नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कबड्डी, 100 मीटर दौड़ एवं शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किए। टीम जापान ने कप्तान सीमा पतंगया के नेतृत्व में क्रिकेट, वॉटर वॉलीबॉल एवं स्लो साइकिल प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी तरह, टीम इंग्लैंड ने कप्तान प्रिया नांदेचा के नेतृत्व में गोला फेंक एवं रिले रेस में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं, कप्तान तन्मय शाह के नेतृत्व में टीम इंडिया ने कबड्डी में तथा कप्तान आशय घीया के नेतृत्व में टीम ब्राज़ील ने 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मध्यप्रदेश रीजन के अध्यक्ष राहुल चपलोद, अश्विन मेहता, संजय कोठारी, सुशील कांठेड़ और अमित कोठारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया ने कहा कि सार्थक परिवार द्वारा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। जिससे सदस्यों के बीच आपसी संबंध मजबूत हों और नई पीढ़ी को खेलों से जुड़ने का अवसर मिले। संस्था अध्यक्ष राजेश पटनी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। सचिव आशीष पीपाड़ा ने सक्रिय सहभागिता के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम संयोजक हेमंत कासलीवाल एवं संजय सूर्या ने अतिथियों का स्वागत किया। उपाध्यक्ष नीलेश सिंघवी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संचालन कविता कासलीवाल, मोना पीपाड़ा एवं रश्मि पटनी ने किया, जबकि पुरस्कारों की घोषणा प्रिया और आशीष नांदेचा द्वारा की गई।



## एक पेड़-एक परिवार अभियान का शुभारंभ

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण के उद्देश्य से सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति द्वारा एक पेड़-एक परिवार महाअभियान की शुरुआत की गई है। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजन-अर्चन कर बाबा महाकाल को बेलपत्र का पौधा अर्पित किया गया और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। समिति के अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेशभर में 11 हजार पौधों के नि:शुल्क वितरण एवं पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संपूर्ण प्रदेश में पौधारोपण कर लोगों को इसके लिए प्रेरित करेंगे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर रामलाल मालवीय को संगठन के सदस्यों ने शमी का पौधा भेंट कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आव्हान किया। संगठन ने प्रदेशवासियों से भी अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर अपने परिवार के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करें। कार्यक्रम में पं. महेंद्र व्यास, नवीन सोगानी, आशीष सोमानी एवं प्रखर जोशी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।




## पॉलीथिन मुक्ति के लिए बांटे कपड़े के बैग

**उज्जैन।** पॉलीथिन के उपयोग को रोकने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत शहर की तीन कॉलोनियों की महिलाओं को नि:शुल्क कपड़े के बैग वितरित किए गए। नानाखेड़ा क्षेत्र स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में आशा सिंह चौहान ने महिलाओं को यह बैग बांटे। उन्होंने बताया कि यदि लोग अपनी दिनचर्या में कपड़े के बैग का उपयोग शुरू कर दें, तो पॉलीथिन का उपयोग स्वत: बंद हो जाएगा। इस पहल के तहत सिद्धि विहार कॉलोनी, सनराइज सिटी कॉलोनी और प्रीति परिसर कॉलोनी की महिलाओं को बैग प्रदान किए गए। बैग वितरण कार्यक्रम के दौरान शिल्पा गोखले, नलिनी चव्हाण, रजनी मेहता, नितिमा गोदानी, रिचा श्रीवास्तव, रेखा अहिरवार, ज्योति माथुर, रचना श्रीवास्तव, नेहा देशमुख, सोनिया जैन, साधना सोनी, दीप्ति पांडा और आशा चौहान विशेष रूप से मौजूद थीं।

## झूलेलाल मंदिर में लगा महा अन्नकूट छप्पन भोग

**उज्जैन।** अधिक मास के समापन अवसर पर गीता कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में महा अन्नकूट छप्पन भोग और महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल सहित अन्य देवी-देवताओं को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। मंदिर के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि तीन वर्ष में एक बार आने वाले अधिक मास का ऐतिहासिक महत्व होता है। यह महीना दान-पुण्य, सेवा कार्य और देव दर्शन का रहता है। इसी मान्यता के तहत अधिक मास के अंतिम दिन सिंधी समाज की सबसे प्राचीन भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इसके साथ ही मंदिर में स्थापित गणेश, शिव-पार्वती, लक्ष्मीनारायण और सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता को भी छप्पन भोग अर्पित किया गया।

# नई जमीन, नई योजना और नया विजन हाउसिंग बोर्ड ने बढ़ाए कदम

**नवभारत की खबर का असर-अध्यक्ष ओम जैन ने सुनीं 200 हितग्राहियों की समस्याए, हाउसिंग बोर्ड जागा, समस्याओं का किया समाधान-अब होगा सिंहस्थ पर फोकस**

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड भी अब सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में कदम बढ़ाता दिखाई दे रहा है। लंबे समय से नई आवासीय योजनाओं, भूमि अधिग्रहण और विकास कार्यों को लेकर निष्क्रिय नजर आ रहे हाउसिंग बोर्ड ने सोमवार को हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किया। खास बात यह रही कि नवागत हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन स्वयं कार्यालय पहुंचे और तीन घंटे तक आमजन की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण की प्रक्रिया को गति दी।**

**हाऊसिंग बोर्ड के हाथ खाली** -उल्लेखनीय है कि नवभारत ने प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया था कि सिंहस्थ-2028 के लिए जहां उज्जैन में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जा रही है, वहीं हाउसिंग बोर्ड के पास न नई जमीन है, न कोई बड़ी आवासीय योजना और न ही सिंहस्थ को लेकर कोई स्पष्ट कार्ययोजना दिखाई दे रही है। खबर प्रकाशित होने के बाद हाउसिंग बोर्ड की सक्रियता बढ़ी और हितग्राहियों के लिए समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में नामांतरण, लीज नवीनीकरण, रजिस्ट्री, फ्रीहोल्ड, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) सहित विभिन्न मामलों में करीब 200 हितग्राहियों की शिकायतें सुनी गईं। अधिकारियों ने अधिकांश मामलों का त्वरित निराकरण किया, जबकि नीतिगत और मुख्यालय स्तर से जुड़े मामलों को आगे की कार्रवाई के लिए भेजने के निर्देश दिए गए।



### युक्ति संगत समाधान

अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार आयोजित इस शिविर में प्राप्त शिकायतों को स्थानीय, मुख्यालय और राज्य स्तर की श्रेणियों में विभाजित किया गया है। स्थानीय स्तर की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा, जबकि अन्य मामलों को निर्धारित समय-सीमा में हल करने का प्रयास होगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि नीतिगत विषयों पर मुख्यालय स्तर पर चर्चा कर व्यवहारिक और युक्तिसंगत समाधान निकाला जाएगा। हितग्राहियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे लंबे समय बाद हाउसिंग बोर्ड और जनता के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बताया। अब शहरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सिंहस्थ-2028 के विशाल आयोजन और तेजी से बढ़ते उज्जैन के बीच हाउसिंग बोर्ड नई योजनाओं, नए आवासीय प्रोजेक्ट और भूमि विकास के क्षेत्र में कितनी बड़ी भूमिका निभाता है। यदि नई योजनाएं आकार लेती हैं तो हजारों परिवारों का अपने घर का सपना साकार हो सकेगा और उज्जैन के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

### अब नई योजनाओं पर फोकस होगा

अब हाउसिंग बोर्ड का ध्यान केवल पुरानी समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं रहेगा। उज्जैन में नई भूमि उपलब्ध कराने, नई आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाएं विकसित करने और मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को कम लागत पर आवास उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास तेज किए जाने की संभावना है। शहर के विकास और निवेश को गति देने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप हाउसिंग बोर्ड भी अपने विस्तार की नई संभावनाओं पर विचार कर रहा है।

## जीत के बाद महाकाल आए सांसद महेश केवट

**उज्जैन।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद महेश केवट सोमवार को उज्जैन आए और बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचकर दर्शन किए। पुजारी राजेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा ने उनका पूजन कराया। चुनाव में जीत पर उन्होंने कहा कि यह बाबा महाकाल का आशीर्वाद ही है। कांग्रेस उम्मीदवार की हार पर उन्होंने कहा कि यह उन्हीं की आंतरिक कमियों का परिणाम है। केवट भाजपा के उज्जैन जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल के साथ मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया और नंदी जी के कानों में मनोकामना कही।

### वीर हनुमान को लगा 251 किलो का आम भोग

**उज्जैन।** अधिक मास में कार्तिक चौक में स्थीत श्री वीर हनुमान मंदिर पर आम मनोरथ उत्सव में 251 किलो आम का महाभोग अर्पित कर 51 हजार मोगरे की कलियों से श्रृंगार किया गया। पुजारी नीलेश गुरु ने बताया रात 8.30 बजे महाआरती मंदिर के पं. जस्सू गुरु महाराज, श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज उर्दूपुरा के अध्यक्ष विजय शर्मा, गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज कार्तिक चौक के अध्यक्ष उत्तम दुबे, महाकाल मंदिर पुरोहित समिति के अध्यक्ष लोकेंद्र व्यास, समाजसेवी दिनेश रावल, राजेंद्र बंसल, पत्रकार देवेंद्र पुरोहित ने की। स्वागत पुजारी कृष्णा गुरु, पं. अमर व्यास, लखन गुप्ता ने किया। दर्शन के लिए उमड़े भक्तों को आमरस वितरण किया गया।

## दारु गोदाम के पास फाइनेंस कर्मी से लूट

- बाइक से भागे तीन बदमाश, सामने आए सीसीटीवी फुटेज

**उज्जैन।** हनुमान मंदिर से दर्शन कर लौट रहे फाइनेंस कर्मी को रास्ते में बाइक के बाद तीन बदमाशों ने रोका और चाकू की नोक पर रूपों के साथ मोबाइल छीनकर भाग निकले। वारदात के बाद फाइनेंस कर्मी ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। बदमाशों के फुटेज भी सामने आए हैं। ग्राम चंदेसरा में रहने वाला सौदान प्रजापत मक्सी रोड स्थित बजाज शोरूम पर फाइनेंस का काम करता है। वह ढाबा रोड स्थित गेबी हनुमान मंदिर दर्शन करने गया था, जहां से लौटते समय दोपहर को उसे दारु गोदाम के समीप बाइक से आए तीन बदमाशों ने रोका और चाकू अड़ाकर उसकी जेब में रखें 14 हजार रुपए और मोबाइल छीनकर भाग निकले।

### सौदान ने चिमनगंज में शिकायत दर्ज कराई

वारदात के बाद सौदान ने वारदात की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की पुलिस ने मामला दर्ज करने के बजाय लिखित शिकायत पर जांच का आश्वासन दे दिया। सौदान ने बताया कि उसके साथ वारदात 13 जून को हुई थी। जिसके फुटेज भी सामने आए हैं तीनों बदमाश बाइक से भागते दिखाई दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले में जांच की बात कह रही है। वही फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

### वीडियो बना कर ट्रेन के सामने लगाई छलांग

उज्जैन। रेलवे कर्मी ने रविवार दोपहर मोबाइल से वीडियो बनाने के बाद वायरल किया और ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन ड्रायवर से सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारियों ने पुलिस को अवगत कराया। पटरियों से मृतक के टुकड़े एकत्रित करने के बाद पुलिस अस्पताल लेकर आई। वायरल वीडियो की जांच शुरू की गई है। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गावड़ी में रहने वाला भगवानदीन पिता कैलाशचंद्र यादव 45 साल रेलवे कर्मचारी था। रविवार दोपहर करछा और माधवपुरा रेलवे स्टेशन के बीच उसने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव कई टुकड़ों में बंट गया था। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई घटनास्थल पहुंचे और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि आत्महत्या से पहले उसने मोबाइल से वीडियो बनाया था और वायरल किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक का मोबाइल जब्त किया गया है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतक रेलवे में गैंगमेन था। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले वायरल वीडियो में उसने कुछ लोगों को लाखों रुपए उधार देने की बात कही और बोला कि उसके रुपए वापस नहीं लौटाये जा रहे हैं। जिसके चलते परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो की जांच शुरू की गई है। परिजनों के बयान दर्ज कर उधार रूपयों लेने वालों की जानकारी जुटाई जायेगी। जिनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस चेकिंग में मन्दसौर के 5 युवकों से बरामद हुई ड्रग्स

- गाड़ी रोकने का पुलिस ने किया प्रयास, तो भागने लगे युवक

**उज्जैन।** रात में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मंदसौर के पांच युवकों को हिरासत में लिया जिनके पास से ढाई सौ ग्राम से अधिक ड्रग्स बरामद की गई। सभी को सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान वाल्मीकि धाम चौराहा पर एक फोर्ड कंपनी की एंडेवर वाहन क्रमांक एमपी 09 सीटी व 4511 को रोकने का इशारा करने पर चालक द्वारा वाहन को तेज गति से भगाने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस बल की तत्परता से स्टॉपर लगाकर रोका गया। वाहन में 5 व्यक्ति सवार थे। जिनसे पूछताछ करने पर उनके नाम विकास पिता पन्नालाल नायक 22 वर्ष, निवासी गोपालपुरा, थाना सीतामऊ, मंदसौर, याकूब पिता हाजी गुलबाज खान 52 वर्ष, निवासी गोपालपुरा, मंदसौर, मान सिंह पिता जुझार सिंह गुर्जर 50 वर्ष, निवासी नयाखेड़ा, थाना सीतामऊ, मंदसौर, मोहम्मद जैद उर्फ बाबा पिता याकूब खान19 वर्ष, निवासी गोपालपुरा, मंदसौर और रईस खान पिता अमीर खान 48 वर्ष, निवासी बेलारी, थाना सीतामऊ, मंदसौर होना सामने आए। वाहन की तलाशी के दौरान चालक सीट के नीचे एक पारदर्शी पॉलीथिन में रखी एमडी ड्रग्स होना पाई गई। बरामद मादक पदार्थ का 252 ग्राम पाया गया। जिसकी कीमत 3.50 लाख रुपए है। वाहन 10 लाख कीमत है। पांचों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया जहां से 2 दिन की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

### रेलवे स्टेशन पर चाकूबाजी एक आरोपी हिरासत में

**उज्जैन।** मजदूरी करने वाले युवक को रात में रेलवे स्टेशन पर दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू मार दिए। घायल को रेलवे पुलिस ने उपचार के लिए भर्ती कराया। जीआरपी ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। शाजापुर का रहने वाला दीपक पिता इंदर सिंह पिछले 5 सालों से उज्जैन में रहकर मजदूरी कर रहा है वर्तमान में वह मंछामन कॉलोनी में निवास करता है रात में ई रिक्शा से वह रेलवे स्टेशन पहुंचा। माल गोदाम के समीप उसे कबीर उर्फ दीपक और राजेश मिले दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू किया और राजेश ने चाकू मार दिए। घायल दीपक ने जान रेलवे प्लेटफार्म पर दौड़ लगा दी और आरपीएफ थाने तक पहुंच गया। रेलवे पुलिस कर्मियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया और मामले की सूचना जीआरपी को दी गई। जीआरपी ने घायल के बयान दर्ज किया। इस दौरान सामने आया कि 6 जून को दोनों से विवाद हुआ था। कबीर द्वारा उसे पर रुपए छीनने का आरोप लगाया गया था। इस विवाद के चलते रात में दोनों ने उसका रास्ता रोक चाकू से हमला किया है। कबीर अवैध शराब बेचने का काम करता है जिसे जीआरपी ने हिरासत में ले लिया है।

## जावरा में आयोजित कराते स्पर्धा में उज्जैन ने लहराया परचम

**उज्जैन।** जावरा में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एक्सीलेंस मार्शल आर्ट अकादमी के 10 खिलाड़ियों ने मुख्य कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 5 स्वर्ण और 5 रजत सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए हैं। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्जैन ने प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त किया है। रतलाम जिला कराते एसोसिएशन एवं जावरा कराटे अकादमी द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य कोच पूजा चौहान ने बताया कि बच्चों ने दो महीने की कड़ी मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उज्जैन की समीक्षा मालवीय, विनय चौहान, गीत मालवीय, नैंसी जाटव और नक्ष केलकर ने स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि पर अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, डॉ. भारती वर्मा, वंदना जैन, महेंद्र कटारिया और बादल सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों व अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के साथ-साथ पूजा बिटिया को भी अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### 17 जून से शुरू होगा नया बैच

अकादमी में कराते के साथ ही योग, लाठी, तलवार, ढोल, झांझ और डमरू का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। कोच ने बताया कि 17 जून से महेश नगर पानी की टंकी के पास शाम 5.30 से 7 बजे तक नया बैच प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें इच्छुक बच्चे कराते, लाठी और तलवारबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## नहान के दौरान भीड़ में दबकर घायल हुई बुजुर्ग महिला

**उज्जैन।** सोमवती अमावस्या होने पर देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे हैं। शिप्रा स्नान नदी के साथ महाकाल मंदिर में काफी भीड़ दिखाई दे रही है। इसी बीच खरगोन की वृद्धा महिला श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन की कतार में भीड़ के बीच दबकर घायल हो गई वृद्धा के एक हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। बताया जा रहा है कि खरगोन के गोलू वाडिया से कमली बाई पति मेहताब 60 साल परिवार के साथ सोमवती अमावस्या का नहान करने के लिए उज्जैन आई थी। परिवार के 15 सदस्यों ने तड़के शिप्रा नदी पर आस्था का नहान किया। जहां से वह महाकाल दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचे थे। दर्शन कतार में काफी अधिक भीड़ थी। जिसके माध्यम से पूरा परिवार बाबा के दर्शन करने के लिए आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक भीड़ में कमली बाई दबाकर गिर गई और हादसे में कमली बाई घायल हो गई। जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया भीड़ में परिवार भी बढ़ गया था। कमली बाई को अस्पताल लाने पर सामने आया कि उसका एक हाथ टूटा है जिसमें फ्रैक्चर है। डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। कमली बाई के बिछड़ने पर परिवार ने भीड़ में उनकी तलाश शुरू की इस दौरान करीब 1 घंटे बाद पता चला कि कमली बाई भीड़ में दबकर घायल हुई है। परिजन अस्पताल पहुंचे हैं।

**अधिक मास में ...** पुरुषोत्तम मास में उमड़ रहे श्रद्धालु, भगवान को लगा चावल के फुलेरे का भोग

## गोला मंडी के चारभुजा नाथ मंदिर में सजी दीपोत्सव की मनमोहक झांकी

**उज्जैन।** गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर विभिन्न उत्सव मनाए जा रहे हैं और प्रतिदिन आकर्षक झांकियां सजाई जा रही हैं। इसी क्रम में मंदिर में दीपोत्सव और सांझी उत्सव मनाया गया। मंदिर में दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मनोरथी कृष्णा बांगड़, सुनील कुमार और ममता बांगड़ परिवार की ओर से पं. बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। शोभा मूंदड़ा व अंकित मूंदड़ा द्वारा दीपोत्सव की अत्यंत सुंदर और मनमोहक झांकी सजाई गई। पूजन पश्चात मनोरथी परिवार ने आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया। लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा परिवार की ओर से भगवान को चावल के फुलेरे का भोग अर्पित किया गया। जिसे बाद में भक्तों के बीच वितरित किया गया।




### स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती आज आयेंगे

**उज्जैन।** पीठाधीश्वर व आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज मंगलवार को शहर पधारेंगे। वे अपने अनन्य भक्त हरि सिंह यादव के निवास पर भक्तों को दर्शन देने के साथ ही एक दिवसीय प्रवचन देंगे। रवि राय ने बताया कि आज शाम 6.30 बजे से शुरू होगा। इंदिरानगर में पानी की टंकी के पास इस एक दिवसीय प्रवचन का आयोजन रखा गया है।

### आरती व उत्सव में इन्होंने लिया दर्शन लाभ

आरती व उत्सव में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, प्रकाश चंद्र सोडानी, भूपेंद्र भूतड़ा, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, दिनेश चंद्र डाढ़, नृसिंह देवपुरा, कैलाश चंद्र गगरानी, घनश्याम भूतड़ा, प्रकाश तोतला, कैलाश नारायण चाडक, लोकेंद्र काबरा, निरंजन हेड़ा, प्रकाश काबरा, अर्जुन समदानी, संजय मूंदड़ा, संजय मूंदड़ा, मनसुखलाल झंवर, सूर्य नारायण होलानी, नरेंद्र कुमार तोषनीवाल, मनोज बियाणी, सुनील लाहोटी, अर्पण इनानी, संदीप भूतड़ा, सचिन बसेर, हेमंत मंत्री, राम मंत्री, सुरेंद्र गट्टानी, प्रदीप आगीवाल, जगदीश जैथल्या, सौरभ देवपुरा, अरुण भूतड़ा, द्वारकादास झंवर, ओमप्रकाश मूंदड़ा और निलेश काबरा सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित रहकर दर्शन लाभ लिया।

## मनुष्य को है अच्छे संस्कारों की आवश्यकता

- पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर शिव
- पुराण कथा में बोले महाराज

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर शहर में 9 जून से शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। हरनावदा के पंडित देवकरण पंड्या द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है।

कथा के दौरान संत लखमीदास शिक्षण समिति के समाजसेवी लीलाधर भाटी और मनोरमा भाटी ने पोथी का पूजन किया। साथ ही उन्होंने व्यास पीठ के आचार्य का साफा व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर के महंत गादीपति दिनेश बैरागी और महेश बैरागी का भी सम्मान किया गया।

### भगवान सच्चे हैं, हमारा भाव झूठा

कथा में व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य पंड्या ने कहा कि हमें देवताओं का ऋण कभी उधार नहीं रखना चाहिए, इसलिए नियमित रूप से हवन-पूजन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य में अच्छे संस्कारों की अत्यधिक आवश्यकता है। भगवान सच्चे हैं, जबकि हमारा भाव झूठा होता है। आयोजन में समाजसेवी किशोर कुमार भाटी और अशोक देवड़ा ने भी व्यास गादी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**लगाया गया छप्पन भोग -उज्जैन।** अवंतीपुरा स्थित श्री चारभुजा जी को छप्पन भोग लगाया गया। कुमावत समाज के मंदिर में आयोजित भागवत के दौरान यह आयोजन हुआ। पं. अर्जुन गौतम ने कथा में कहा इस लोक में माल (धन) से काम होता है। योगेंद्र कुमावत एवं बाबूलाल अजमेरा ने बताया सोमवार दोपहर में कथा का समापन हुआ व आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Priti Bhargava था जो बदलकर Preeti Bhargava हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे मेरे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**Preeti Bhargava**
41-42 Azad Nagar,Near Pushpa Mission Hospital, Dewas Road Ujjain (M.P.) Mob.: 9630065300